**JAIN COLLEGE, J. C Road, Bangalore**
**Mock Paper – 1, December - 2017**
**I PUC – HINDI (03)**

समय: 3:15 मिनट | कुल अंक:100

सूचना: 1. सभी प्रश्नों के उत्तर हिन्दी तथा देवनागरी लिपी में लिखना आवश्यक है।
2. प्रश्नों की क्रमसंख्या लिखना अनिवार्य है।

**I. अ) एक शब्द या वाक्यांश या वाक्य में उत्तर लिखिए:** **6x1=6**

१. थाली उठाकर किसने पलट दी?
२. असंभव को संभव बनानेवाली चीज़ क्या है?
३. 'मूक नायक' पत्रिका के संपादक कौन थे?
४. आठ वर्ष की प्यारी बच्ची का नाम क्या है?
५. राष्ट्र का सुखदायी रुप क्या है?
६. प्रोफेसर पांडुरंग बीमार स्त्री **की** कमजोरी दूर करने का क्या उपाय बताते हैं?

**आ) निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर लिखिए:** **3x3=9**

७. शिक्षा के बारे में स्वामी विवेकानंदजी क्या कहते हैं?
८. महादेवी वर्मा ने दोपहर के समय सबकी आँख बचाकर बिन्दा के घर पहुँचने पर क्या देखा?
९. 'बेलून एंजियोप्लास्टी' तकनीक क्या है?
१०. हिमालय की विशेषता का वर्णन कीजिए।
११. धरती 'वसुधरा' क्यों कहलाती है?

**II. अ) निम्नलिखित वाक्य किसने–किससे कहा?** **4x1=4**

१२. 'क्या पंडिताइन चाची तुम्हारी तरह **नही** हैं?'
१३. यात्रा का यह अस्थायी स्नेह भी कितना पवित्र होता है।
१४. थर्ड डिवीजनर के लिए दुनिया में कोई जगह नहीं है।
१५. तुम भी खा **लेना** और गाय को भी खिला देना।

**आ) निम्नलिखित में से किन्हीं दो का ससंदर्भ स्पष्टीकरण कीजिए:** **2x3=6**

१६. 'बड़े घर की बेटियाँ ऐसी ही होती हैं, बिगड़ता हुआ काम बना लेती हैं।'
१७. 'निन्दा का उद्‌गम ही हीनता और कमजोरी से होता है।'
१८. 'जीवन में पहली बार सिफारिश का यह तरीका जाना।'
१९. 'सन्निपात है **वैध** परमानंद को और स्नायुरोग है प्रोफेसर पांडुरंग को।'

**III.अ) एक शब्द या वाक्यांश या वाक्य में उत्तर लिखिए:** **6x1=6**

२०. संत का स्वभाव कैसा होता है?
२१. बसवेश्वर के आराध्य देव का नाम क्या है?
२२. कवयित्री ने हमेशा किस प्रकार का व्यवहार किया?
२३. बच्चनजी ने किस प्रकार के गीत बनाए?
२४. कवि किससे बिछुड़कर रह गया है?
२५. कवि किसे अपनी व्यथा सुनाने के लिए कहते हैं?

**आ) निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर लिखिए: 2x3=6**

२६. रसखान ब्रज भूमि में क्यों जन्म लेना चाहते हैं?

२७. सीता जी प्रकृति सौंदर्य के बारे में क्या कहती है?

२८. 'उल्लास' कविता का आशय संक्षेप में लिखिए।

२९. नारी के शक्ति रुपों का वर्णन कीजिए।

**इ) ससंदर्भ भाव स्पष्ट कीजिए: 2x4=8**

३०. माटी कहै कुम्हार से, तू क्या रौंदे मोय।
इक दिन ऐसो होयगो, मैं रौंदुँगी तोय॥

**अथवा**

पर्वत पर बसाकर घर, जंगली जानवरों से क्या डरना?
सागर किनारे बसाकर घर, लहरों से क्या डरना?
हाट में बसाकर घर, शोरगुल से क्या डरना?
चन्नमल्लिकार्जुन सुनो,
जगत में जन्म लेने पर, स्तुति–निंदा से क्या डरना?
मन में क्रोध न करके समचित रहना चाहिए।

३१. सुख की एक साँस पर होता
है अमरत्व निछावर,
तुम छू दो मेरा प्राण अमर हो जाए
तुम गा दो मेरा गान अमर हो जाए।

**अथवा**

वीराने में नदियाँ–निर्झर,
जैसे हरदम हँसते–गाते।
आप अकेले अपने साथी
सदा अकेले बढ़ते जाते।
सच्चा साथी जान उन्हें तुम
जीवन–पथ पर कदम बढ़ाना।

**IV. अ) एक शब्द या वाक्यांश या वाक्य में उत्तर लिखिए: 6x1=6**

३२. ठाकुर सरदार सिंह का लड़का कहाँ पढ़ता था?

३३. युवक की पहली पत्नी का नाम लिखिए।

३४. एक चम्मच की कीमत कितनी मानी गई?

३५. चंद्रप्रकाश का फ्लैट कहाँ था?

३६. किनकी बातों को सुनकर सिलिया के मन में आत्मविश्वास जाग उठा?

३७. सिद्धेश्वरी के मँझले लड़के का नाम लिखिए।

**आ) निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर लिखिए: 3x3=9**

३८. शराबी एक रुपए से क्या खरीदना चाहता था और बाद में क्या खरीद लिया?

३९. युवक अपनी तीसरी पत्नी की मृत्यु के उपरांत उसे सबसे अधिक गुणी क्यों समझता है?

४०. बाबूजी सगाई में केवल सवा रुपए ही क्यों लेना चाहते थे?

४१. चन्द्रप्रकाश का चरित्र–चित्रण कीजिए।

४२. सिलिया ने मन ही मन क्या दृढ़ संकल्प किया?

४३. मुंशी चंद्रिका प्रसाद की लाचारी का वर्णन कीजिए।

**V. अ) वाक्य शुद्ध कीजिए:** **5x1=5**

४४. क. मै यह पुस्तक पढ़े हूँ।

ख. वे परस्पर एक-दूसरे से जलते है।

ग. सभी से मिलकर रहना चाहिए।

घ. यह हर परिवार का कहानी है।

ङ. मूर्ख को अनेकों बार समझाया गया।

**आ) कोष्टक में दिए गए उचित कारक चिन्हों से रिक्त स्थान भरिए:( के, की, से, का, में)** **5x1=5**

४५. क. मै अपने ज्ञान___वृद्धि करता रहूँगा।

ख. क्या मै अकेला राष्ट्र___उद्धार करने में सफल हो जाऊँगा।

ग. अनेक जन्मों___सत्कर्मों का ही यह फल है।

घ. मै अपने लक्ष्य___सफल हूँगा।

ङ. मै अभी___ही प्रयत्नशील हूँ।

**इ) निम्नलिखित मुहावरों को अर्थ के साथ जोड़कर लिखिए:** **4x1=4**

| | |
|---|---|
| ४६. १. मन में घर करना | क. सहायता करना |
| २. बे सिर पैर की बातें करना | ख. बहुत चतुर होना |
| ३. कान कतरना | ग. प्रभावित करना |
| ४. हाथ बँटाना | घ. व्यर्थ की बातें करना |

**ई) निम्नलिखित वाक्यों को सूचनानुसार बदलिए:** **3x1=3**

४७. क. लड़के पेड़ पर चढ़े थे। (वर्तमान काल में बदलिए)

ख. वह कुल्हाड़ी से वृक्ष काटता है। (भूतकाल में बदलिए)

ग. यह पुस्तक हाथों-हाथ बिक रही है। (भविष्यकाल में बदलिए)

**उ) अन्य लिंग रुप लिखिए:** **2x1=2**

४८. शेर लेखक

**ऊ) अन्य वचन रुप लिखिए:** **2x1=2**

४९. घोड़ा अलमारी

**ए) समानार्थक शब्द लिखिए:** **2x1=2**

५०. अच्छा उद्यान

**ऐ) विलोम शब्द लिखिए:** **2x1=2**

५१. एक योगी

**VI.अ) निम्नलिखित अनुच्छेद पढ़कर उस पर आधारित प्रश्नों के उत्तर लिखिए:** **5x1=5**

स्वामी दयानंद ने अपने ग्रन्थ 'सत्यार्थ-प्रकाश' में लिखा है कि अपना गन्दे से गन्दा राज्य दूसरे के अच्छे से अच्छे राज्य से अच्छा होता है। यह देश-प्रेम की भावना ही थी जिससे प्रेरित होकर स्वामी-जी ने ये शब्द लिखे थे। यह देश-प्रेम ही था जिससे प्रेरित होकर सुभाष चन्द्र बोस ने विदेशों में जाकर आज़ाद हिन्द सेना को संगठित

कर भारत–भूमि को स्वतन्त्र कराने का संकल्प लिया था। लाला लाजपतराय ने हँसते–हँसते सीने पर लाठियों के प्रहार सहन किए थे। भगतसिंह ने हँसते–हँसते फाँसी का फन्दा चूम लिया था। महात्मा गाँधी ने आजीवन संघर्ष का रास्ता अपनाया था।

**प्रश्नः–** १. स्वामी दयानंद के ग्रन्थ का नाम लिखिए।

२. स्वामी दयानंद किस भावना से प्रेरित हुए।

३. विदेशों में जाकर किसने आज़ाद हिन्द सेना को संगठित किया?

४. फाँसी का फन्दा किसने चूम लिया था?

५. आजीवन संघर्ष का रास्ता किसने अपनाया था?

**आ)**५३. अपने छोटे भाई (अनुज) को कुसंगति छोड़ने के विषय में पत्र लिखिए। **5x1=5**

**अथवा**

फीस माफ़ कराने के लिए प्रधानाचार्य को एक प्रार्थना पत्र लिखिए

**इ)** ५४. **हिन्दी में अनुवाद कीजिए:** **5x1=5**

1. I am glad to meet you.
2. My brother is as tall as my father.
3. The more you speak, the more you reveal.
4. I am bad at mathematics.
5. Water is flowing.

*******